>

Title: Regarding withdrawal of the provision giving a relaxation in clearing NET/SET for the teachers employed in various universities and colleges in Maharashtra State.

श्री हरिभाऊ जावले (रावेर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे महाराष्ट्र राज्य के अध्यापकों की प्रमुख समस्या को संसद के सामने रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के दस हजार अध्यापकों पर जो अन्याय हुआ है, उस अन्याय को अभिव्यक्त करने हेतु वे आज जंतर-मंतर पर इकट्ठे हुए हैं।

अध्यक्ष महोदया, इन दस हजार अध्यापकों, जिनको 23 फरवरी, 2010 को यूजीसी ने नेट/सेट में छूट दी थी, उस छूट को एचआरडी मिनिस्टर ने एक महीने बाद यानी 30 मार्च 2010 को निरस्त कर दिया। इन सब प्राध्यापकों या अध्यापकों की नियुक्ति 1990 से 1999 तक हुई है, जो प्रॉपर और रेगुलर नियुक्ति है। उनको एप्रूवल मिली है और एप्रूवल मिलने के बाद अगर उनका नेट/सेट में compulsion हो गया, तो यह उनके ऊपर अन्याय है।

अध्यक्ष महोदया, मेरी आपके माध्यम से एचआरडी मिनिस्टर और मंत्रालय से विनती है कि दस हजार अध्यापक जो आज इकट्ठे होकर धरने पर बैठे हैं, उनको न्याय दिया जाये और नेट/सेट में मिली छूट जो निरस्त की गयी है, वह उन्हें मिलनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदया : बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A.T. NANA PATIL (JALGAON): Kindly allow me to associate with the issue raised by Shri Hari Bhau Madhav Jawale.

MADAM SPEAKER: Yes.